भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

रक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4073

17 जुलाई, 2019 को उत्तर के लिए

एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली

4073. श्री सय्यद ईमत्याज ज़लील :
श्री मारगनी भरत :
श्री असादुद्दीन ओवैसी :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) रूस के साथ एस-400 करार तथा इसकी कुल लागत का ब्यौरा क्या है;

(ख) एस-400 की सुपुर्दगी कब तक होने की संभावना है;

(ग) क्या संयुक्त राष्ट्र अमेरिका ने अपने टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस सिस्टम को खरीदने हेतु भारत पर दबाव डालने के लिए अपने काउंटर इन अमेरिका एडवर्सरीज थ्रू सैंक्शंस एक्ट (सीएएटीएसए) के द्वारा भारत को धमकी दी है; और

(घ) यदि हां, तो भारत सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीपाद नाईक)

(क) : रूस से एस-400 प्रणाली की सुपुर्दगी के लिए दिनांक 05 अक्टूबर, 2018 को एक संविदा पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

(ख) : ये सुपुर्दगियां अप्रैल, 2023 तक किए जाने की संभावना है।

(ग) और (घ): सरकार, सुरक्षा चुनौतियों के संपूर्ण परिदृश्य का सामना करने के लिए सशस्त्र बलों को तैयारी की अवस्था में रखने हेतु खतरे की अवधारणा, संक्रियात्मक एवं प्रौद्योगिकीय पहलुओं के आधार पर संप्रभु निर्णय लेती है।

*****